# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 नवंबर, 2023

## कैम्ब्रिज वर्ड ऑफ द ईयर 'हेलुसनेिट'

**कैम्ब्रिज डिक्शनरी द्वारा चुना गया वर्ष का शब्द, 'हेलुसनेिट',** [कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)]() की जटिलताओं और इसके संभावित खतरों पर प्रकाश डालता है।

- "हेलुसनेिट" की मूल परिभाषा यह है कि ऐसा कुछ महसूस होना जो **आमतौर पर किसी स्वास्थ्य स्थिति या दवाओं के कारण मौजूद नहीं होता** है। कैम्ब्रिज डिक्शनरी में "हेलुसनेिट" की विस्तारित परिभाषा में **AI द्वारा गलत जानकारी उत्पन्न करना शामिल** है।
  - AI का बुद्धिमानीकरण वास्तविक खतरे पैदा कर सकता है, खासकर राजनीति और सार्वजनिक जीवन में, जहाँ **दुष्प्रचार और गलत सूचना** के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।
  - ओपन AI और इसके टूल जैसे- **Chat GPT, गूगल बार्ड और माइक्रोसॉफ्ट के कोपायलट** की बढ़ती पहुँच पर वर्ष भर व्यापक रूप से चर्चा हुई है।

**और पढ़ें:** [**कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नैतिकता**](), [**कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नकारात्मक प्रभाव**]()

## मित्र शक्ति 2023

**नवंबर 2023 में औंध (पुणे)** में आयोजित होने वाला **अभ्यास 'मित्र शक्ति'-2023**, **भारतीय तथा श्रीलंकाई टुकड़ियों** के बीच संयुक्त प्रयास का प्रतीक है, जिसमें मुख्य रूप से क्रमशः **मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट** एवं **53 इन्फैंट्री डिवीज़न** के सैनिक शामिल हैं।

- यह अभ्यास **संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत उप-पारंपरिक संचालन** का पूर्वाभ्यास करने पर केंद्रित है, जिसमें छापेमारी, खोज और मिशन को नष्ट करने, हेलिबोर्न ऑपरेशन आदि जैसी आतंकवाद विरोधी रणनीति पर ज़ोर दिया गया है। इस अभ्यास में [**ड्रोन**]() तथा काउंटर मानवरहित हवाई प्रणालियों का उपयोग भी शामिल होगा
- इसका उद्देश्य अंतरसंचालनीयता में सुधार करना, [**शांति स्थापना**]() अभियानों के दौरान जोखिमों को कम करना एवं परस्पर सीखने के लिये युद्ध कौशल अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-november,-2023